हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 15 अगस्त 2025 जींद

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

10 स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध



10 जींद में 170 एमएम बारिश से ठहरी शहरी जिंदगी















# स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

## राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा करेगी बतौर मुख्यअतिथि ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

तेज बरसात के मौसम के चलते पुलिस लाइन में आयोजित होने वाला स्वतंत्रता दिवस समारोह अब नई अनाज मंडी में होगा। इस समारोह में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर ध्वजारोहण करेंगी। इससे पहले सांसद गोहाना रोड स्थित शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने गुरूवार को रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल का दौरा करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि 15 अगस्त को मुख्यअतिथि शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद समारोह स्थल पर पहुंचेगी। ध्वजारोहण के बाद परेड़ का निरीक्षण होगा। उसके उपरांत मुख्य अतिथि जिलावासियों को अपना संदेश देगी। समारोह में पुलिस तथा विभिन्न स्कूल के बच्चों की टुकड़ी द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा तैयार की गए पीटी शो, देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी होगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज आदि मौजूद रहे।


जींद। समारोह स्थल का जायजा लेते हुए डीसी व अन्य अधिकारी।

### सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग दें

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिला उपायुक्त एवं जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 के अवसर पर सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार 15 अगस्त को जिला मुख्यालय पुलिस लाइन तथा उपमंडल स्तर पर जुलानाए नरवाना, उचाना व सफीदों में आयोजित होने वाले समारोह स्थलों के आसपास दो किलोमीटर की परिधि में लाठी, डंडे, तलवार, गंडासी, अग्नेयास्त्र व किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसी प्रकार खुला पेट्रोल, डीजल की बोतल, केन लाना भी वर्जित होगा। इसके अलावा वीवीआईपी मार्ग एवं उसके आसपास 75 मीटर की सीमा में सड़क के दोनों ओर कोई भी वाहन खड़ा नही किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम स्थलों एवं वीवीआईपी मार्ग के क्षेत्र में ड्रोन, पैराग्लाइडर, अनमैंड एयरक्राफ्ट सिस्टम या अन्य किसी भी मानव रहित उपकरण की उड़ान पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। ये आदेश पुलिस एवं अन्य सरकारी अधिकारी, कर्मचारी जो ड्यूटी पर तैनात होंगे पर लागू नहीं होगा। उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे इन प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन करते हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग दें।

*सड़कें तथा गलियां बरसाती नाले में तबदील, घरों में घुसा पानी*

# जींद में 170 एमएम बारिश से ठहरी शहरी जिंदगी, लगे रफ्तार पर ब्रेक

## उपायुक्त अधिकारियो के साथ उतरे फिल्ड में, दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले मे वीरवार को हुई बारिश ने शहरी इलाकों को पानी-पानी कर दिया। जिले में औसतन 47 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा जींद में 170 एमएम रिकार्ड बारिश दर्ज की गई। बारिश से सीवरेज सिस्टम पूरी तरह ठप हो गया। सड़कें तथा गलियां बरसाती नालों में तबदील नजर आए। अंडरपासों में जलभराव को होने के कारण शहर अलग-अलग हिस्सों में बंट गया। बरसाती पानी लोगों के घरों में जा घुसा। हालात यहां तक रहे कि सात घंटों तक सड़कों पर छोटे वाहन बिल्कुल नदारद रहे। बिजली व्यवस्था ठप हो गई। हालातों को देखते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा अधिकारियों के साथ फिल्ड में उतरे और हालातों का जायजा लिया। दोहपर बाद बारिश बंद होने के बाद लोगों ने कुछ राहत की सांस ली। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार बने रहे। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम सुहाना बना रहा। वीरवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 88 प्रतिशत तथा हवा की गति 26 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है। वीरवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलो तथा बारिश के साथ हुआ। दिन चढने के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। कभी तेज तो कभी बारिश हलकी होती रही। सुबह साढ़े छह बजे शुरू हुआ बारिश का सिलसिला दोपहर बाद डेढ़ बजे तक जारी रहा। जींद मे 170 एमएम, नरवाना में 51 एमएम, जुलाना में 25 एमएम, उचाना में आठ एमएम, अलेवा में 72 एमएम, पिल्लूखेड़ा में 11 एमएम, सफीदों में तीन एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश के साथ तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। दिनभर मौसम सुहाना बना रहा। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। वीरवार को बारिश के कारण दोहपर तक जिंदगी ठहरी नजर आई। सड़कों तथा गलियों में जलभराव होने के कारण शहर भी ठहर गया। बड़े इक्का-दुक्का वाहनों को छोड़ कर कोई भी छोटा वाहन सड़कों से गुजरने की हिम्मत नही कर पा रहा था। बारिश से सहमे लोग अपने घरों में दुबके रहे। जो वाहन बारिश में फस गए, उन्हें लोग धक्का लगा कर साइड में लगाते देखे गए। बारिश के कारण लोगों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान शहर का बड़ा हिस्सा अंडरपासों में पानी भरने के कारण कुछ घंटों के लिए कट गया। हालात यहां तक रहे कि पुलिस को वहां पर कमान संभालनी पड़ी। पुलिसकर्मियों ने अंडरपास की तरफ जाने वाले वाहनों को रोका और पानी ज्यादा होने के कारण खतरे के बारे में बताया।


जींद। बरसाती पानी निकासी का जायजा लेते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### डीसी अधिकारियो के साथ उतरे फिल्ड मे लिया जायजा

तेज बारिश होने तथा जलभराव की सूचना पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा अधिकारियों के साथ फिल्ड में उतरे और हालातों को जायजा लिया। उन्होंने आदेश देकर तुरंत प्रभाव से पानी निकासी के आवश्क कदम उठाने के लिए कहा। डीसी ने माना कि बारिश ज्यादा हई है। जिसके कारण पानी निकासी व्यवस्था चरमरा गई। वहीं बिजली निगम के अधिकारी तथा कर्मी बारिश के दौरान ठप बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए फिल्ड में उतरे रहे। हालात शाम तक सामान्य हो पाए।


जींद। बारिश के बीच जाम वाहन। फोटो :हरिभूमि

### महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क की गिरी दीवार

किले के ऊपर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क, जिसे नगर परिषद द्वारा बनाया गया है अधिक बरसात होने के कारण पार्क की दीवार रूपनगर निवासी बलबीर के मकान के ऊपर जा गिरी। हालांकि इस घटना में कोई जान-माल का नुकसान नही हुआ है। नगर परिषद के जेई राजेश द्वारा मजदूर लगा कर ऱ्इंटों को हटवाया जा रहा है। साथ में बलबीर सैनी का परिवार भी मलबा हटवाने में साथ लगा हुआ है।मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानसून फिर से एक्टिवेट है। काफी स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। अगले 24 घंटों के दौरान बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है।





जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे।

## इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के खिलाड़ियों ने चमकाया विद्यालय का नाम

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के 133 खिलाडियों ने ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट, बैडमिंटन, कबड्डी, चेस, एथलेटिक्स, रेसलिंग, कुश्ती, कराटे, योगा, फुटबाल, बॉक्सिंग, वेट लिफ्टिंग, साइक्लिंग, जेवेलिन थ्रो और स्विमिंग जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और खेल भावना के बल पर विभिन्न आयु वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। विद्यालय के खिलाड़ियों का प्रदर्शन न केवल खेलों में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा बल्कि यह भी साबित किया कि समर्पण और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं कोचों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं खेल प्रशिक्षकों ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कठिन मेहनतए समर्पण और अनुशासन का परिणाम है। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे खिलाड़ी न केवल विद्यालय बल्कि क्षेत्र का भी गौरव बढ़ाते हैं। इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी खेलकूद में भाग लेने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं।

### सूचना

मैं, राधेश्याम पुत्र श्री राय सिंह निवासी जुलाना मण्डी, तहसील जुलाना, जिला जीन्द हाल आबाद हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सिरसा रोड, हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मुकुल जो कि अविवाहित है और मेरे व मेरी पत्नी के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में जो भी उससे किसी प्रकार का लेन देन/व्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा, मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


जींद। समस्याएं सुनते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

## समाधान शिविर का फायदा उठाएं नागरिक


**जींद।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक सेवाओं को जनता के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार हर सोमवार और गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी मे गुरुवार को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने लघु सचिवालय के सभागार में आमजन की शिकायतें सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान शिविर में विभिन्न प्रकार की समस्याओं के लिए नागरिक पहुंचे। जिनमें जलभराव, गली पक्की, प्रजापति प्रमाण पत्र, और शिक्षा विभाग से संबंधित मुद्दे शामिल थे। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आगामी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया और तत्परता से समाधान सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेगा और कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहेगी।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पानीपत रेलवे लाइन पर सफीदों स्टेशन के निकट एक युवक का शव मिला है। शव की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। रेलवे पुलिस को बुधवार रात को सूचना मिली कि सफीदों स्टेशन के पास 35 वर्षीय एक युवक का शव पड़ा हुआ है। अंदेशा जताया जा रहा है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से ऐसा कुछ नहीं मिला। जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। मृतक सफेद कमीज और हल्के काले रंग का लोवर तथा पांव में बाथरूम चप्पल पहने हुए है। गुरूवार को रेलवे थाना के जांच अधिकारी गुरमेल ने बताया कि शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।






# मोतीलाल स्कूल में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से जीता दर्शकों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। इस दिन विद्यालय का वातावरण देशभक्ति के रंगों में रंगा हुआ था। सुबह से ही विद्यालय प्रांगण में तिरंगे की शोभा बढ़ाने वाले रंग-बिरंगे झंडों और फूलों से सजी सजावट ने सभी का मन मोह लिया। समारोह का शुभारंभ प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार और प्रशासक वीपी शर्मा द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीय गान से हुआ। जैसे ही तिरंगा फहराया गया, उपस्थित सभी शिक्षक और छात्र, छात्राएं जन-गण-मन की स्वर लहरियों में एकाकार हो गए। तिरंगे को सलामी देते समय सभी के चेहरों पर गर्वए सम्मान और देशप्रेम स्पष्ट झलक रहा था। ध्वजारोहण के बाद विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने सारे जहां से अच्छा और अन्य देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इन गीतों ने समारोह में उपस्थित सभी के हृदय में देश के प्रति असीम प्रेम और समर्पण की भावना को प्रबल कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्राथमिक वर्ग के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें देशभक्ति पर आधारित नृत्यए कविताएं और लघु नाटिकाएं सम्मिलित थी। छोटे बच्चों की मासूम अदाओं और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिनमें चित्रकला, भाषण, कविता पाठ और देशभक्ति गीत प्रतियोगिता शामिल थी। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने तिरंगे, सैनिकों, स्वतंत्रता सेनानियों और भारत के गौरवशाली इतिहास को अपने रंगों से सजीव कर दिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के त्याग और बलिदान को प्रभावशाली शब्दों में व्यक्त किया। कविता पाठ में बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाएं सुनाकर उपस्थित सभी का दिल जीत लिया।


जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि




**820 ग्राम अफीम के साथ दो नशा तस्कर काबू** जींद। गांव बडौदा के निकट सीआईए स्टाफ नरवाना ने दो नशा तस्करों को काबू किया है। पुलिस ने उनके पास से 820 ग्राम अफीम बरामद की है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गांव ढाठरथ निवासी नरेश उर्फ काला और अलेवा निवासी राजबीर वासी अलेवा के तौर पर हुई है। गुरूवार को जानकारी देते हुए सीआईए प्रभारी उप निरीक्षक सुखदेव सिंह ने बताया कि उनकी टीम संगरूर नेशनल हाईवे स्थित बड़ौदा गांव के ओवरब्रिज के पास मौजूद थी।





जींद। मटकी सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण और राधा से संबंधित थीम को लेकर सुंदर-सुंदर भजनए लघु नाटिकाएं भाषण एवं नृत्य की प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। श्री कृष्ण और राधा की वेशभूषा में सजे सवेरे नन्हे-मुन्ने बाल गोपाल बहुत ही मनमोहक लग रहे थे। इस अवसर पर बच्चों के लिए विविध प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। एलकेजी से चौथी कक्षा के बच्चों के लिए फ्लैग मेकिंग, पांचवीं व छटी कक्षा के बच्चों के लिए बांसुरी सजाओ, सातवीं कक्षा से 12वीं कक्षा के बच्चों के लिए मटकी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा कि इस उत्सव को मनाने का मुख्य उद्देश्य जीवन में से नकारात्मक को समाप्त कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। श्री कृष्ण का जीवन दर्शन हमें प्रेम, दया, करुणा, मैत्री भाव आदि सीखाता है। प्रिंसिपल रीटा अरोड़ा ने कहा कि जब-जब धरा पर धर्म की हानि होती है, साधु लोगों को रक्षा हेतु एवं दुष्प्रवर्तियों की उन्मूलन हेतु प्रभु साकार रूप से धरा पर प्रकट होते हैं एवं वृंदावन श्री बांके बिहारी के चमत्कारों की घटनाएं से भी बच्चों को रूबरू करवाया।







## नरवाना के शहरी क्षेत्र व अमरहेड़ी के ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कॉलोनी के विकास पर प्रशासन सख्त

**जींद।** जुलाना के शहरी क्षेत्र में बिना आवश्यक स्वीकृतियों के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि बिना लाइसेंस, सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि नरवाना शहरी क्षेत्र के राजस्व एस्टेट के खसरा नंबर 313/8/2,9,12/13/1,18मिन, 19, 20 मिन व गांव अमरहेड़ी के ग्रामीण क्षेत्र के राजस्व एस्टेट के खसरा नंबर 252 में अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है।








जींद। रोष जताते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

# एनएचएम कर्मियों ने दो घंटे काम का बहिष्कार करके जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर एनएचएम कर्मियों ने गुरूवार को दो घंटे तक काम का बहिष्कार किया। कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अलेवा ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा दो नवंबर 2021 को एनएचएम कर्मचारियों द्वारा कोरोना काल में की गई सेवा के एवज में सातवां वेतन देने की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। परंतु तीन वर्ष नौ महीने बीत जाने पर अभी तक सातवां वेतन लागू नही किया गया है। अधिकारियों द्वारा बार-बार इसी सातवें वेतन आयोग से वंचित रखने के लिए तरह-तरह के ओच्छे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। उन्ही हथकंडों में कर्मचारियों के चार माह के वेतन भुगतान रोकना भी शामिल है। एनएचएम कर्मचारी पवन नागर ने बताया कि भाजपा सरकार के शासन काल में ही एनएचएम कर्मचारियों पर वित्त विभाग, श्रम विभाग द्वारा स्वीकृति उपरांत सेवा नियम लागू किए गए थे। परन्तु आज वही वित्त विभाग केंद्रीय परियोजना के कर्मचारी बता कर सेवा नियम फ्रीज करने की बात कर रहा है। यह इतिहास मे शायद ही सुनने को मिलेगा कि जिस सरकार द्वारा आमजन को कोई लाभ दिया गया हो, उसी लाभ को उसी सरकार के शासनकाल में ही अधिकारी छिनने पर उतारू हो। आज प्रदेश के प्रत्येक एनएचएम कर्मचारी में सरकार के इस कदम के प्रति भारी रोष है।




स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टी पर्व
की सभी देशवासियों
व प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
चतरभुज अत्री
देवेन्द्र चतरभुज अत्री
विधायक, उचाना


A Group of Institutions
NAV DURGA SR. SEC. SCHOOL
Rohtak Road, Jind M. 9416190083, 9416060531
Co-Education CBSE Pattern
A School That Speaks In English
Kartik S/o Prem Chand
1st in Haryana
Goldmedalist
First in Haryana
State 10th Class (2017-18)
498/500
Awarded with Gold Medal & Rs.5100 By Manohar Lal Khattar (Chief Minister of Hry.)
7 Teachers awarded by Board of School Education, Haryana for Best Teaching in presence of DEEO (Sh. Sadanand Vats) & BEO (Sh. Sunil Jain) (Feb. 2021)
Merit List of 10th Class March- 2025
Merit List of 12th Class March- 2025
Varinda Sharma D/o
Sh. Shiv Narayan Sharma
M. Com, B.ed
Vice Principal
Total Merit in 12th - 46/105
97%
Total Merit in 10th - 78/124
99.9%
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ


आप सभी
प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
व
श्रीकृष्ण
जन्माष्टमी
की हार्दिक
शुभकामनाएं
राकेश बूरा
जिला भाजपा, मिडिया प्रभारी, जींद


अग्रवाल समाज से प्रधान राजकुमार गोयल व समस्त कार्यकारिणी
रामधन जैन
महासचिव
सावर गर्ग,
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
पवन बंसल,
कोषाध्यक्ष
दीपक गर्ग,
प्रेस सचिव
मनीष गर्ग,
सचिव
रजत सिंगला,
प्रचार सचिव
गोपाल जिंदल,
संगठन सचिव
राजेश गोयल,
संयुक्त सचिव
बजरंग लाल सिंगला
सह सचिव
जयभगवान सिंगला
सह सचिव
सतीश कुमार
कार्यकारी सदस्य
सुनील गोयल
कार्यकारी सदस्य
सुभाष डाहौला
कार्यकारी सदस्य
नरेश अग्रवाल
कार्यकारी सदस्य
सुशील सिंगला
कार्यकारी सदस्य
भारत भूषण सिंगला
कार्यकारी सदस्य